सिया कोलिसी

यीशु की उद्धारक शक्ति की खोज

*दक्षिण अफ़्रीकी रग्बी खिलाड़ी **सिया कोलिसी** ने 2011 में सीनियर लेवल पर पदार्पण किया था, और 2018 में उन्हें दक्षिण अफ़्रीकी राष्ट्रीय टीम का कप्तान चुना गया; वे स्प्रिंगबोक्स की रग्बी यूनियन टीम के 126 साल के इतिहास में पहले अश्वेत कप्तान थे। 2019 में उन्होंने रग्बी विश्व कप चैंपियनशिप में दक्षिण अफ़्रीका का नेतृत्व किया।*

मैं दक्षिण अफ़्रीका के ज़्वाइड नामक एक दरिद्र कस्बे में पला-बढ़ा हूं जहां मेरा लालन-पालन मेरी दादी ने किया क्योंकि मेरे माता-पिता की उम्र इतनी कम थी कि वे मेरी देखभाल नहीं कर सकते थे। जहां तक मुझे याद है, रग्बी मेरे जीवन का एक बड़ा हिस्सा रहा है। मेरे पिता और चाचा-ताऊ यह खेल खेलते थे, और 8 साल की उम्र में जैसे ही मैं इसे खेलने लायक हुआ, मैंने भी इसे खेलना शुरू कर दिया।

झुग्गियों में रहते हुए हमें गुज़ारा करने के लिए मशक्कत करनी पड़ती थी। हम स्कूल की फ़ीस और संबंधित ख़र्चे नहीं उठा सकते थे, पर मैं हर रोज़ स्कूल जाता था क्योंकि वहां मुझे दिन का एक बार का भोजन मिलता था। शाम को मैं हमारे दो बेडरूम वाले घर लौटता था जहां हम सात लोग रहते थे, सोफ़े से कुशन उतारता था और फ़र्श पर सो कर रात गुज़ारता था।

मुझे हमेशा से रग्बी में आनंद मिलता था; मैंने एक-एक दिन इसका प्रशिक्षण लिया है। रग्बी मेरे चारों ओर चल रही बहुत सी ख़राब चीज़ों से मुझे दूर रखता था। जब मैं मेरे खेल में सर्वश्रेष्ठ बनने पर फ़ोकस कर रहा था तब मेरे दोस्त ग़रीबी के संघर्षों और प्रलोभनों का शिक़ार हो रहे थे और इस तरह मैंने मेरे बहुत से दोस्त खो दिए। मैं ख़ुद को किसी भी अवसर के लिए तैयार करने के रास्ते पर था, हालांकि मुझे पता नहीं था कि वह

AP फ़ोटोज़/थेम्बा हाडेबे, रुई विएरा

पसंदीदा आयत | ***"जब तुझ पर विपत्तियाँ पड़ती हैं, मैं तेरे साथ रहता हूँ। जब तू नदी पार करेगा, तू बहेगा नहीं। तू जब आग से होकर गुज़रेगा, तो तू जलेगा नहीं। लपटें तुझे हानि नहीं पहुँचायेंगी। क्योंकि मैं तेरा परमेश्वर यहोवा हूँ। मैं इस्राएल का पवित्र तेरा उद्धारकर्ता हूँ।"* – यशायाह 43:2-3**

अवसर क्या हो सकता है।

जब मैं 12 साल का था, तो मैं सीज़न के हमारे पहले गेम में मेरी स्कूल टीम के साथ खेलने के लिए मैदान पर गया। बढ़िया कोच वाले एक पड़ोस के स्कूल का सामना करते हुए हम 50 पॉइंट्स से हारे। गेम के बाद विपक्षी टीम के कोच मेरे पास आए और बोले कि मुझ में प्रतिभा है। उन्होंने मुझे उनके स्कूल के लिए खेलने को आमंत्रित किया। वहां से, उस कोच ने मुझे अपनी छत्रछाया में ले लिया और वे मेरे लिए पिता समान बन गए। वे जानते थे कि यह अवसर मेरे लिए कितना मायने रखता है और मैंने उसका पूरा लाभ उठाने के लिए कड़ी मेहनत की। वे मुझे मेरे पहले प्रांतीय ट्रायल में ले गए, जहां मैंने बॉक्सर्स में खेल खेला क्योंकि मेरे पास रग्बी शॉर्ट्स खरीदने के पैसे नहीं थे। जल्द ही, मेरा चयन प्रांतीय टीम में हो गया, और मैंने प्रतिस्पर्धाओं में जाकर वह खेल खेला जो मुझे सबसे अजीज़ है।

19 साल की उम्र में मैं एक पेशेवर खिलाड़ी बन गया। 2012 में, मेरे 21वें जन्मदिन वाले वीकेंड पर मैंने दक्षिण अफ़्रीकी राष्ट्रीय टीम के साथ मेरा पहला खेल खेला।

2015 रग्बी विश्व कप में खेलने का मौका मिलना एक बड़ा सौभाग्य था, पर मैंने उसके केवल 30 मिनट खेले। चार साल बाद, स्प्रिंगबोक्स के कप्तान के रूप में मुझे विश्व कप में मेरे देश का प्रतिनिधित्व करने का सम्मान मिला और मैं अत्यंत रोमांचित था। मैं जानता था कि मैं जैसा इंसान हूं उसके कारण मुझे इस टीम का कप्तान चुना गया है – वह सर्वोच्च स्थान जो कोई खिलाड़ी इस खेल में हासिल कर सकता है। इसलिए मैं जो हूं, सच्चे मन से वही बने रहने की कोशिश करता हूं और छोटी-छोटी बातों को अपने सिर नहीं चढ़ने देता। मैं खेलते समय दूसरों के लिए एक अच्छा उदाहरण बनने की कोशिश करता हूं।

परमेश्वर मुझे इस जैसे समय के लिए तैयार करते आ रहे हैं। मैं बचपन में मेरी दादी के साथ चर्च जाया करता था, फिर पिछले कुछ सालों में मेरा यह क्रम बनता और बिगड़ता रहा, और हाल ही में जाकर मैंने सच्चे अर्थों में मेरा जीवन यीशु को सौंपा है। व्यक्तिगत रूप से बहुत सी चीज़ों – प्रलोभनों, पाप और जीवनशैली संबंधी विकल्पों – से संघर्ष करते हुए, मैंने जाना कि मैं खुद को यीशु का अनुयायी कहता हूं पर मेरा जीवन जीने का तरीका वैसा नहीं है जैसा यीशु के किसी अनुयायी का होना चाहिए। मैं बस गुजारा कर रहा था, पर मैंने खुद को ईसा मसीह के प्रति पूरी तरह समर्पित करने और उनके तरीके के अनुसार जीना शुरू करने का फ़ैसला नहीं किया था।

ऐसा तब तक चला जब तक मेरे व्यक्तिगत जीवन से एक ऐसी बात जनता के सामने नहीं आ गई जिससे मैं संघर्ष कर रहा था। उस बिंदु तक, मैं जिन भी चीज़ों से लड़ रहा था वे सब छिपी हुई थीं, पर जब मेरा पाप उजागर हो गया तो मैं जान गया कि या तो मुझे मेरा जीवन बदलना होगा, या फिर मैं सब कुछ खो बैठूंगा। मैंने मेरा जीवन खोने और उसे यीशु में पाने का फ़ैसला लिया।

एक आध्यात्मिक गुरु के साथ-साथ चलते हुए, मैं यीशु के सत्य और उनकी उद्धारक शक्ति को एक बिल्कुल ही नए तरीके से खोजने में सफल हो पाया हूं। इस नए जीवन ने मुझे मेरे दिल में एक ऐसी शांति प्रदान की है जो मुझे पहले कभी नहीं मिली थी। अब जबकि मैंने मेरा सब कुछ परमेश्वर को दे दिया है, तो मुझे कोई भी दूसरी चीज़ प्रभावित नहीं करती है। अब मैं आज़ादी के इस एहसास के साथ जीता और खेलता हूं कि उनकी योजनाएं हमेशा साकार हो कर रहेंगी और आख़िरकार, मुझे केवल इसी की तो परवाह है!

मुझे जीवन में सब कुछ समझने की ज़रूरत नहीं है, और ऐसी बहुत सी चीज़ें हैं जो मैं नहीं समझता हूं, पर मैं जानता हूं कि परमेश्वर के हाथों में उन सब की लगाम है। मेरा काम बस इतना है कि मैं मेरा सर्वश्रेष्ठ प्रयास करूं और मैं बाकी सब कुछ उस परमेश्वर के हाथों में छोड़ सकता हूं। जब मैं मेरे पाप के बीच में सच में काफ़ी संघर्ष कर रहा था, तो मैंने बाइबिल की यशायाह की किताब में एक आयत पढ़ी जिसने मुझे सच में बेहद आकर्षित किया। यशायाह 43:2-3 कहता है, "जब तुझ पर विपत्तियाँ पड़ती हैं, मैं तेरे साथ रहता हूँ। जब तू नदी पार करेगा, तू बहेगा नहीं। तू जब आग से होकर गुज़रेगा, तो तू जलेगा नहीं। लपटें तुझे हानि नहीं पहुँचायेंगी। क्योंकि मैं तेरा परमेश्वर यहोवा हूँ। मैं इस्राएल का पवित्र तेरा उद्धारकर्ता हूँ।" मैं कई दिनों तक उसे बार-बार पढ़ता रहा।

यदि परमेश्वर इतिहास में ऐसे अनगिनत लोगों के लिए आ सकते हैं जो दुनिया के सामने बेहद ख़राब हालात में थे, तो वे मेरे लिए भी ऐसा कर सकते हैं।

दक्षिणी अफ़्रीका